# UNIVERSITY NEWS 21 DECEMBER 2025

## HINDUSTAN

# समर्थ पोर्टल से 23 तक भरें परीक्षा फॉर्म

**एलयू**

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नियमित विद्यार्थी यह फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से अब 23 दिसंबर तक भर सकेंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र या छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।



ऑनलाइन भरे गए परीक्षाफार्म का प्रिन्ट संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे। परिसर के छात्रों को परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना होगा।

उन्होंने बताया कि कॉलेजों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का एनरोलमेन्ट नंबर कॉलेज के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है। कॉलेज के छात्र परीक्षाफार्म भरने से पूर्व अपने कॉलेज से सम्पर्क कर एनरोलमेन्ट नंबर प्राप्त करने के बाद ही परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया शुरू करें। इसके अलावा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त नियमित छात्रों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद परीक्षाफार्म भरना होगा।

### कोर्स सावधानी से चुनें

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, परीक्षार्थी पूर्ण सावधानीपूर्वक अपने कोर्स का चयन करें। प्रश्नपत्रों का चयन करते हुए परीक्षाफार्म पूर्ण करेंगे। उन्होंने बताया कि किसी तरह की त्रुटि या समस्या के लिए व्हाट्सएप नंबर 7991200609, 7991200506 पर शिकायत कर सकते हैं।

# एलयू में शोधार्थी को डॉक्टरेट की उपाधि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से प्रथम अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी न्यांडा बेंजामिन ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध कार्य प्रशासनिक नेतृत्व एवं शैक्षिक डिजिटलीकरण विषय पर शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह शोध डॉ. किरण लता डंगवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## AMAR UJALA

# अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी को मिली उपाधि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग के शोधार्थी न्यांडा बेंजामिन को अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी के रूप में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि मिली है। लविवि की प्रोफेसर डॉ. किरण लता डंगवाल के निर्देशन में बेंजामिन ने ये शोध कार्य प्रशासनिक नेतृत्व व शैक्षिक डिजिटलीकरण विषय पर पूरा किया है। जिसमें भारत और तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर प्रशासनिक नेतृत्व की भूमिका शामिल है। (संवाद)

# लविवि : परीक्षा फॉर्म अब 23 तक भरें

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ रहे स्नातक व परास्नातक के 17 हजार विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म शनिवार को अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी नहीं भर सके हैं। ऐसे में अब अंतिम तिथि बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को 23 दिसंबर तक परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि फॉर्म भराने में लापरवाही करने वाले आधा दर्जन कॉलेजों को चेतावनी दी गई है। प्रथम सत्र के विद्यार्थियों को अपनी टीसी व माईग्रेशन की कॉपी परीक्षा शुल्क रसीद के परीक्षा फॉर्म जमा करेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों के पास 26 दिसंबर तक मौका है। (संवाद)

## AMRIT VICHAR

# भारत और तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों पर शोध हुआ पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्र न्यांडा बेंजामिन ने प्रथम अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी के रूप में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध कार्य प्रशासनिक नेतृत्व एवं शैक्षिक डिजिटलीकरण विषय पर पूर्ण हुआ। यह शोध डॉ. किरण लता डंगवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अध्ययन में भारत और तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर प्रशासनिक नेतृत्व की भूमिका का विश्लेषण किया गया।

शोध निष्कर्षों से यह स्पष्ट हुआ कि डिजिटल अवसंरचना और राष्ट्रीय शिक्षा नीतियां आवश्यक तो हैं, परंतु उनका सार्थक व सतत उपयोग सशक्त और सहयोगी विद्यालय नेतृत्व पर निर्भर करता है।